Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to bring a National Drug Policy.

श्री संतोख सिंह चौधरी (जालंधर): धन्यवाद स्पीकर महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय बोलने जा रहा हूँ, जो देश में सब्सटेन्स अब्यूज, ड्रग अब्यूज और नशे का जो एपिडेमिक सारे देश में फैल रहा है, उसकी मैं चर्चा करना चाहता हूँ ।

स्पीकर महोदय, मैं जिस प्रांत से आता हूँ, हमने 1980 के दशक में प्रोक्सी वार पाकिस्तान से टैरिरज्म के साथ से लड़ाई लड़ी । जो हमारे 35 हजार बेगुनाह लोग थे, वे टैरेरिज्म में मारे गए और अब पिछले दशक से हम नार्को-टैरेरिज्म से लड़ाई कर रहे हैं । मैं समझता हूँ कि यह बहुत गंभीर मसला है । बेशक हमारी सरकार के मुख्य मंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह है, वे बड़े सख्त हाथों से इस समस्या का हल निकाल रहे हैं, इस पर काबू कर रहे हैं । जो 33 हजार पैडलर हैं, उनको हमने अरेस्ट किया है, लेकिन यह समस्या सिर्फ पंजाब की नहीं है । आज हम रोज रिपोर्टस में पढ़ते हैं, अभी 2700 करोड़ की जो रिकवरी हुई है । There are reports with captions, like “How drugs from Pakistan are ruining Jammu gennext? Is Bangalore emerging as India’s drug capital?” …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आपका विषय गंभीर है ।

डॉ. एस. टी. हसन ।

श्री संतोख सिंह चौधरी : सर, मैं कनक्लूड कर रहा हूँ । There is one more report under the heading - “Is Shimla set to be the new drug capital of the country?” मैं यह कहना चाहता हूं कि यह बहुत गंभीर संमस्या है । ये जो स्टेट्स हैं, उसको अकेले टैकल नहीं कर सकतीं, इसके लिए एक बड़ी मजबूत नेशनल ड्रग्स पॉलिसी की जरूरत है । मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं, डिफेंस मिनिस्टर साहब यहां बैठे हैं, हमारे मुख्य मंत्री होम मिनिस्टर से भी मिलकर गए है और उन्होंने भी यह रिक्वेस्ट की है कि आज अगर इसको रोका नहीं गया तो यह जो एपिडेमिक है, यह देश को तबाह कर देगा । देश की आने वाली जनरेशन्स को खत्म कर देगा । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री मोहम्मद फैजल पी.पी. और श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री संतोख सिंह चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।